# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे “मिशन शक्ति अभियान-4” के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/‘‘शक्ति दीदी’’ द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

“मिशन शक्ति अभियान-4” व ‘‘शक्ति दीदी’’ अभियान के तहत आज दिनांक 31.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को “मिशन शक्ति” व ‘‘शक्ति दीदी’’ के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 31.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में महाकुंम्भ 2025 प्रयागराज को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत एवं शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओं एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग तथा बार्डर पर बैरियर लगाकर संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेंकिग की गयी।

**(3).** आज दिनांक 31.01.2025 को जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी0एन0, पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा मौनी अमावस्या मेले की भीड़ को देखते हुए लगातार रामघाट, बेडी पुलिया बरहा के हनुमान मंदिर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि रामघाट पर जो कढाई रखकर समोसे जलेबी आदि बनाए जा रहे हैं उसे तत्काल अंदर कराए इससे कोई घटना हो सकती है एवं रामघाट पर रखी चौकियो को भी तत्काल हटाए,बैरिकेटिंग के अंदर स्नान न करने दे,जो नाव का किराया ₹50 निर्धारित किया गया है इसके अतिरिक्त कोई पैसा न वसूलन पाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि रामघाट व आस पास में साफ सफाई बनी रहनी चाहिए। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी कर्वी सुश्री पूजा साहू सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

(4). आज दिनांक 31.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में महाकुंभ 2025 व मौनी अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराए जाने एवं शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत रामघाट, यूपीटी तिराहा के आस पास भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में ड्रोन कैमरे से निगरानी की गयी।

(5). आज दिनाँक 31.01.025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी एवं पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू श्री अजेय कुमार शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में महाकुम्भ 2025 व मौनी अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु एस चेक टीम, डॉग स्क्वॉयड, एलआईयू चित्रकूट द्वारा रामघाट के आस पास भीड़ भाड़ वाले स्थान में संदिग्ध वस्तुओं/व्यक्तियों की सघन चेकिंग की गई।

(6). आज दिनाँक 31.01.2025 को पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस विभाग में अपनी सेवा पूर्ण करने वाले एफएसएसओ श्री सतीश कुमार,उ0नि0स0पुलिस श्री सुरेन्द्र कुमार,उ0नि0 लिपिक श्रीमती कमलेश सिंह,उ0नि0 नागरिक पुलिस श्री राजेन्द्र प्रताप सिंह,उ0नि0 नागरिक पुलिस श्री महेन्द्र सिंह,,उ0नि0 नागरिक पुलिस श्री राजकुमार सिंह,आरक्षी नागरिक पुलिस श्री राम आसरे यादव,संदेश वाहक रेडियो शाखा श्री जय प्रकाश सिंह की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे 05 उपनिरीक्षक, 01,एफएसएसओ 01 आरक्षी व 01 संदेश वाहक को माला पहनाकर, प्रशस्ति-पत्र एवं उपहार प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी। इस दौरान सेवानिवृत्त हो रहे 05 उपनिरीक्षक,01 एफएसएसओ,01 आरक्षी व 01 संदेश वाहक रेडियो शाखा एवं मौके पर उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगण को हल्का नास्ता करवाकर मुंह मीठा कराया गया। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा सेवानिवृत हो रहे उपनिरीक्षकों व आरक्षियों से कहा गया कि वह घर जाकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें एवं निरन्तर व्यायाम करते रहें, अपने जीवन का अमूल्य समय विभाग को दिया है, मैं समस्त पुलिस विभाग की ओर से आपके सुखद जीवन एवं परिवार की तरक्की की मनोकामना करता हूं।

इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण, वाचक श्री राजीव कुमार सिंह,प्रधान लिपिक श्री अनिल मोहन शुक्ला पीआरओ श्री प्रदीप पाल एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

(7). श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्रीमती रीता सिंह के मार्गदर्शन एवं पैरोकार आरक्षी आकाश यादव तथा मॉनिटरिंग सेल प्रभारी श्री विनोद कुमार शुक्ला एवं उनकी टीम द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्री सुशील सिंह द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक कोर्ट श्री नीरज कुमार श्रीवास्तव द्वारा आज दिनाँक

31.01.2025 को पुलिस मुख्यालय से पैरवी हेतु चिन्हित एवं थाना पहाड़ी में पंजीकृत मु0अ0सं0 25/2022 धारा 452,376,504,506 भादवि0 के आरोपी अभियुक्त शिवाकान्त उर्फ पाण्डा पुत्र राजकरन लोध निवासी ओरा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 19000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

उल्लेखनीय है दिनाँक 19.02.2022 को थाना पहाड़ी के एक ग्राम निवासी वादिया द्वारा थाना पहाड़ी पर सूचना दी कि अभियुक्त शिवाकान्त उर्फ पाण्डा उपरोक्त द्वारा घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर गाली गलौच व जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में थाना पहाड़ी पर मु0अ0सं0 25/2022 धारा 452,376,504,506 भादवि0 के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय द्वारा सम्पादित की गयी। आरोपी को दिनाँक 20.02.022 को अभियुक्त को गिरफ्तार कर दिनाँक 02.05.022 को आरोपी के विरुद्ध माननीय न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया।

**(8).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में महाकुंभ व चित्रकूट मेला को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा अपने परिजनों से बिछड़ी 05 बुजुर्ग महिलाओं, 03 बुजुर्ग पुरुष व 01 अन्य महिला के मोबाइल को खोजकर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया जिसमें 1.चित्रकूट मेला में सीतापुर चौराहे पर एक महिला श्रीमती अहिल्या पाठक पत्नी लक्ष्मी नारायण पाठक निवासी ग्राम अनुगर जनपद छतरपुर म0प्र0 का मोबाइल गुम हो गया था जिसकों उ0नि0 श्री कृपानन्दन शर्मा द्वारा तलाश कर महिला को सुपुर्द किया गया 2.परिक्रमा मार्ग पर खोयी हुई महिला कृष्णा देवी पत्नी करन सिंह निवासी ग्राम कुतरा पोस्ट बंगरा थाना माधवगण जिला जालौन,माधुरी दीक्षित पत्नी राकेश दीक्षित निवासी शिवली कानपुर देहात 3.लीलाधर पुत्र वंशीधर निवासी डेहरी सीहोर नदनेरा 4.भूरी देवी पत्नी दौलत सिंह निवासी ज्येरा थाना रामपुर जनपद जालौन को उसके देवर सुरजपाल से 5.कालीचरन निवासी बस्ती शंकरपुर थाना नगर जिला भागलपुर बिहार को उसके साथी विजय आदि से महिला आरक्षी अंजली देवी द्वारा मिलाया गया। 6. पुष्पा थापा जनपद बरेली 7.लीलावती राय जनपद गाजीपुर 8.वैदेही शरण पुत्र रामसेवक निवासी ग्राम टेढौट थाना गोदान जनपद दतिया म0प्र0 जो अपने अपने परिजन से बिछड़ गयी थी। उन सभी महिलाओं/पुरुषों को ड्यूटी पर तैनात उ0नि0 श्री उत्कर्ष सिंह,आरक्षी विवेक कुमार,आरक्षी राघवेन्द्र सिंह,महिला आरक्षी प्रियंका देवी,महिला आरक्षी रीता यादव द्वारा अथक प्रयास करते हुए परिजनों को खोजकर तथा पूछंताछ कर सकुशल सुपुर्द किया गया।

**(9).** आज दिनाँक 31.01.2025 को अपर जिलाधिकारी श्री उमेश चन्द्र निगम एवं अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी सदर सुश्री पूजा साहू की उपस्थिति में महाकुंभ 2025 मेला को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु रामघाट पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने एवं श्रद्धालुओं से विनम्रतापूर्वक व्यवहार करने हेतु बताया गया तथा श्रद्धालुओं से अपील की गयी कि कोई भी श्रद्धालु गहरे पानी में स्नान न करें।